# C O N T E N T S

**Sixteenth Series, Vol. XX, Tenth Session, 2016/1938 (Saka)**
**No. 2, Thursday, November 17, 2016/Kartika 26, 1938 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **REFERENCES BY THE SPEAKER** | 9 |
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 21 to 25 | 14-66 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 26 to 40 | 67-116 |
| Unstarred Question Nos. 231 to 460 | 117-651 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**RESIGNATION BY MEMBER** 652

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 654-656

**ASSENT TO BILLS** 657-658

**COMMITTEE ON MPLADS (LOK SABHA)**
**Action Taken Statement** 659

**MOTION RE: REPORT OF JOINT COMMITTEE ON THE CITIZENSHIP (AMENDMENT) BILL, 2016 EXTENSION OF TIME** 660

**MATTERS UNDER RULE 377** 663-682

(i) Need to restart Coal Handling Plant, Kalyani in Giridih Parliamentary Constituency, Jharkhand

Shri Ravindra Kumar Pandey 664

(ii) Need to create an All India Judicial Service

Dr. Udit Raj 665

(iii) Need to establish a girls' degree college in Siwan, Bihar

Shri Om Prakash Yadav 666

(iv) Need to provide Rajasthan its allocated share of Yamuna river water as per agreement

Shri Rahul Kaswan 667

(v) Need to formulate a policy for proper waste management system in Patna, Bihar

Shrimati Rama Devi 668

(vi) Need to provide stoppage of all express and mail trains at Adityapur railway station in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand

Shri Laxman Giluwa 669

(vii) Need to set up Marine Immigration check posts at sea ports in Gujarat

Shrimati Jayshreeben Patel 670

(viii) Need to develop Ramayana tourist circuit and also to set up a Ramayana heritage complex at Chitrakoot

Shri Ganesh Singh 671

(ix) Need for police reforms in the country

Shri Harishchandra alias Harish Dwivedi 672

(x) Need to open a Kendriya Vidyalaya or Sainik School in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shri Bhanu Pratap Singh Verma 673

(xi) Need to open a Kendriya Vidyalaya in Amreli district, Gujarat

Shri Naranbhai Kachhadia 674

(xii) Need to provide irrigation facilities in tribal areas of Maharashtra particularly in Gadchiroli-Chimur Parliamentary Constituency in the State

Shri Ashok Mahadeorao Nete 675

(xiii) Need to enhance the honorarium of Accredited Social Health Activists

Shri Jagdambika Pal 676

(xiv) Need to construct an underpass and service line on Toll Tax Booth on National Highway No. 26 in Damoh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

Shri Prahlad Singh Patel 677

(xv) Need to protect and preserve the backwaters of Kuttanad, Kerala

Shri Kodikunnil Suresh 678

(xvi) Need to review restrictions imposed on construction activities by CRZ norms

Shri K. C. Venugopal 679

(xvii) Need to resolve Cauvery Water Dispute

Shri B. Senguttuvan 680

(xviii) Regarding special package for effluent treatment plants and infrastructural development facilities in Tirupur in Tamil Nadu

Shrimati V. Sathyabama 681

(xix) Need to address the challenges posed by the Regional Comprehensive Economic Partnership agreement

Adv. Joice George 682

**ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 686

Member-wise Index to Unstarred Questions 687-692

**ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 693

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 694

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

## THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

## SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

**LOK SABHA DEBATES**

LOK SABHA

---

Thursday, November 17, 2016/Kartika 26, 1938 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

… (*Interruptions*)

## REFERENCES BY THE SPEAKER

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, 18 सितम्बर, 2016 को कश्मीर के उरी में किए गए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में 19 सैनिक शहीद हो गए थे।

सदस्यगण, विगत में विभिन्न दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु हुई और कई घायल हो गए जिनमें से अभी हाल ही में बिहार में छठ महोत्सव के दौरान अलग-अलग दुर्घटनाओं में करीब 50 लोगों की मृत्यु भी शामिल है।

हम हैती में 4 अक्तूबर, 2016 को मैथ्यू समुद्री तुफान से हुए विनाश से अत्यधिक दुखी हैं, जिसके परिणामस्वरूप जान और माल की भारी क्षति हुई है। यह सभा हैती के मिलनसार लोगों तथा उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है जिनकी मृत्यु इस प्राकृतिक आपदा में हुई है।

यह सभा अमानवीय आतंकवादी हमले और त्रासदीपूर्ण दुर्घटनाओं, जिनके कारण शोकसंतप्त परिवारों को काफी कष्ट एवं पीड़ा पहुंची है, इस पर गहरा शोक व्यक्त करती है तथा घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

**11.03 hours**

*(The Members then stood in silence for short while.)*

… (*Interruptions*)

---

HON. SPEAKER: I will not allow all of you, otherwise I will start Question Hour.

… (*Interruptions*)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** अध्यक्ष महोदया, हमने रूल 56 के तहत एडजर्नमैन्ट मोशन दिया है, उसे आप एडमिट कीजिए। सभी दलों के लोग यह चाहते हैं कि इस पर गहरी चर्चा हो तो हमने यह नोटिस दिया है -

> "The hardship and economic disruption caused by the recent demonetisation of Rs. 500 and Rs. 1000 notes and the failure of the Government to redress the plight of the farmers, small traders, unorganized workers and all the plantation workers, fishermen and common man. The House notes with concern the leakage of demonetization information for certain people."

That is why, we want a discussion under Rule 56. So, I want the discussion to start immediately, with your permission, Madam … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** सब नहीं बोलेंगे।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Our Party has also submitted a notice for Adjournment Motion. We want a discussion under Adjournment Motion. We feel that demonetisation of Rs. 500 and Rs. 1000 notes has caused tremendous difficulties to the poor people and common man. They are passing their days with huge difficulties. So, let this decision be temporarily withdrawn to chalk out a final plan and we should all fight against black money together. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: All of you should not speak together.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** जयप्रकाश जी, आप बोलिये।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिये, जिनके एडजर्नमैन्ट मोशन हैं, वे बोलेंगे, हमें डिस्कशन नहीं करना है, प्लीज आप बैठिये।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) :** अध्यक्ष महोदया, जो नोटबंदी का ऐलान किया गया, इससे गरीबों की भारी तबाही हुई है, बर्बादी हुई है। बिना परिस्थिति एवं परिणाम का आकलन किये हुए अव्यावहारिक निर्णय लिया गया है और गरीबों को भारी कष्ट में डाला गया है। कालाधन तो नहीं आ रहा है...

**माननीय अध्यक्ष :** ओ.के. जयप्रकाश जी। आप भी इसी इश्यु पर बोलना चाहते हैं, आप क्या चाहते हैं? क्या आपका भी एडजर्नमैन्ट मोशन है? ओ.के., अगर आप कुछ कहना चाहते हैं।

...(व्यवधान)

DR. P. VENUGOPAL (TIRUVALLUR): Madam, we want a discussion under Adjournment Motion on this issue.... (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आप सबकी बात समझ ली, हर एक को बोलने की जरूरत नहीं है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, क्या आपका भी एडजर्नमैन्ट मोशन है? आपकी बात भी नोट हो गई, आप सबकी बात नोट हो गई है, हर एक व्यक्ति नहीं बोलेगा।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी आप बात मत करिये।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपको भी बहुत मानती हूं।

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार):** माननीय अध्यक्ष महोदया, भारत सरकार ने भ्रष्टाचार, कालेधन और जाली नोट को खत्म करने के लिए और इसके द्वारा पनपने वाले आतंकवाद को खत्म करने के लिए हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। ...(व्यवधान) हम उसके बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप उनकी बात सुनिये।

**श्री अनन्तकुमार :** विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लेकर आया है। हम आपसे इतना ही निवेदन करेंगे कि प्रश्नकाल सस्पैंड करते हुए इसके बारे में चर्चा करने के लिए भारत सरकार तैयार है और इसके लाभ क्या हैं, इसमें दिक्कतें क्या हैं, इसमें कष्ट क्या है, कैसे पूरे देश की जनता मोदी जी के इस निर्णय के साथ है...(व्यवधान) हम सारे दिन यहां चर्चा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन हमारा इतना ही आग्रह होगा कि नियम 193 के तहत हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। हम चर्चा से पीछे नहीं मुड़ रहे हैं। ...(व्यवधान) दूसरे सदन में हम इस पर चर्चा शुरू कर चुके हैं और यहां भी हम पूरी चर्चा करने के लिए तैयार हैं, जितनी आपकी मर्जी उतनी चर्चा करने के लिए तैयार हैं और हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं

...(व्यवधान) क्योंकि मैं मानता हूं कि यहां की कोई पार्टी, कोई सांसद काला धन के पक्ष में नहीं है, भ्रष्टाचार के पक्ष में नहीं है, जाली नोट के पक्ष में नहीं है, आतंकवाद के पक्ष में नहीं है।...(व्यवधान) हम सब एक सुर से इन सभी चीजों के खिलाफ हैं। हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ...(व्यवधान) मैडम, नियम-193 के तहत चर्चा करवा दीजिए। ...(व्यवधान)

**11.10 hours**

(*At this stage, Shri Mohammad Salim, Shri Kalyan Banerjee, Shri M.I. Shanavas and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

HON. SPEAKER: You do not want discussion.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** चर्चा हो सकती है। मैं आपको अलाऊ करूंगी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** हम चर्चा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन आप चर्चा नहीं चाहते हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप हल्ला चाहते हैं।

…(व्यवधान)

**11.11 hours**

**ORAL ANSWERS TO QUESTIONS**

HON. SPEAKER: Now, the Question Hour. Question No. 21.

Shrimati Supriya Sule.

… (*Interruptions*)

**(Q. 21)**

HON. SPEAKER: I am ready to allow a discussion, but you do not want it. Then it is all right.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI SUPRIYA SULE : Madam Speaker, the House is not in order. I cannot hear anything.… (*Interruptions*) How to ask the question? … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Vijaysinh Shankarrao Mohite Patil.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Dr. Kirit Somaiya.

**डॉ. किरीट सोमैया :** अध्यक्ष महोदया, मैं मंत्री जी प्रार्थना करना चाहता हूँ कि इस प्रकार से जो एक्सिडेंट्स होते हैं, उनको इमरजेंसी मैडिकल सर्विसिज़ प्रोवाइड करने की दृष्टि से जो ये ब्लैक स्पॉट्स हैं ...(व्यवधान) उनको आने वाले तीन साल में किस प्रकार से कम किया जाएगा। ...(व्यवधान) इस प्रकार के ब्लैक स्पॉट्स में जो एक्सिडेंट्स होते हैं, ...(व्यवधान) उनको इमरजेंसी इमरजेंसी मैडिकल सर्विसिज़ प्रोवाइड करने की दृष्टि से सरकार की क्या योजना है? ...(व्यवधान)

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री, पोत परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनसुख एल.मांडविया) :** अध्यक्ष महोदया, कुल मिला कर इस प्रकार के 789 ब्लैक स्पॉट्स हैं। ...(व्यवधान) इन ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के लिए हमारी सरकार ने सक्रियता से काम किया है और उस पर एक्शन भी लिया है। ...(व्यवधान) माननीय सदस्य का जो प्रश्न है कि जब एक्सिडेंट्स होते है, उसमें हमने प्रयोगात्मक तौर पर कुछ किया है। ...(व्यवधान) एक्सिडेंट होने पर सामान्य लोगों को बड़ी दिक्कत होती है। ...(व्यवधान) जब परिवार के किसी सदस्य का गाड़ी चलाते समय एक्सिडेंट हो जाता है और उसकी जान चली जाती है या उसको घात लग जाता है, वैसी स्थिति में हम उसको कैसे सपोर्ट कर सकें, उसके लिए भी सरकार ने योजना बनाई है। ...(व्यवधान) जो राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे है, खास तौर पर प्रायोगिक रूप से अहमदाबाद से वड़ोदरा तक जो एक्सप्रेस-वे है, उस पर कोई एक्सिडेंट होगा तो नज़दीकी अस्पताल में छह हज़ार रूपये तक का उसको इंश्योरेंस दिया जाएगा और उसका इलाज करवाया जाएगा। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप डिस्कशन करना नहीं चाहते हैं।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You do not want discussion. We are ready.

... (*Interruptions*)

SHRI THOTA NARASIMHAM : Madam Speaker, eight black spots are identified in Andhra Pradesh. What remedial measures are required to be taken? What action has been taken to curb these black spots in Andhra Pradesh? Thirty per cent of the driving licences in Andhra Pradesh are bogus. It is proposed to set up an online system.

Is it a fact that out of 18 crore driving licences, 5.4 crore licences are bogus? … (*Interruptions*) I would like to know whether there is any proposal with the Ministry to create a centralizd system to eliminate fake and bogus driving licences from active licences. … (*Interruptions*)

What are the steps taken by the Ministry to improve roadside amenities for quick response and transfer of accident victims to hospitals/trauma centres in National Highways? … (*Interruptions*)

**श्री मनसुख एल.मांडविया :** महोदया, आन्ध्र प्रदेश में आठ ब्लैक स्पॉट हैं।...(व्यवधान) एक ब्लैक स्पॉट नया आइडेन्टिफाई किया गया है।...(व्यवधान) हमने ब्लैक स्पॉट के सन्दर्भ में बहुत विचार किया है और अभी तक सालों से जो यह सिस्टम बना हुआ था कि वहाँ रोड सेफ्टी के लिए विस्तार से नहीं देखा जाता था।...(व्यवधान) रोड बनते रहते थे और बनने के साथ-साथ उसका एक्चुअल क्या करना चाहिए, यह नहीं देखा गया। पॉपुलेशन बढ़ती जा रही है, रास्ते पर वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है।...(व्यवधान) हर साल 10 परसेंट चार पहिया वाहन बढ़ रहे हैं।...(व्यवधान) ऐसी स्थिति में रोड सेफ्टी ऑडिट का हमने अच्छी तरह से इम्प्लिमेंटेशन करने की कोशिश की है।...(व्यवधान) कुल मिलाकर 26 मुद्दे आइडेन्टिफाई किए हैं, 26 प्वाइंट आइडेन्टिफाई करके उन्हें हम अच्छी तरह से कैसे करें और उसको ठीक करने के लिए हमने यह किया है कि जब डीपीआर बने तब से उसको इन्क्लूड किया है।...(व्यवधान) डीपीआर के बाद जब रास्ता क्लियर होगा, रास्ता बनेगा, उस समय भी हम देखेंगे।...(व्यवधान) कुल मिलाकर जो ऐक्सिडेन्ट्स हो रहे हैं, उन ऐक्सिडेन्ट्स को काम करने के लिए हम सम्भव और हर तरह से हम प्रयास कर रहे हैं।...(व्यवधान)

DR. BOORA NARSAIAH GOUD (BHONGIR): Madam Speaker, I thank you for giving me this opportunity. … (*Interruptions*)

Madam, human life is very precious and once a life goes, we cannot bring it back. … (*Interruptions*) But unfortunately, when we see the length of the roads in the country, the number of accidents is the highest in India compared to any other country in the world. … (*Interruptions*) For example, though our State Telangana is a smaller State, the number of accidents is higher compared to bigger States like Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and Bihar. … (*Interruptions*)

I would like to bring it to the notice of the Minister, through you, that I have already written to NHAI for construction of vehicular underpasses in NH 163 and also in NH 65 in my State of Telangana. … (*Interruptions*) It was agreed and

administrative and financial clearances were also given for the same. … (*Interruptions*) Now, 50 per cent of the tenure of this Lok Sabha, that is, 2 ½ years have passed. … (*Interruptions*) But still the work has not yet started on the ground. … (*Interruptions*) So, I would like to know as to when the work is going to start for the construction of these vehicular underpasses. … (*Interruptions*)

Secondly, demonetization will also lead to increased spending in infrastructure. … (*Interruptions*) So, I do hope that in future roads are constructed with more safety features. … (*Interruptions*)

**श्री मनसुख एल.मांडविया :** महोदया, माननीय सदस्य जी ने जो प्रश्न पूछा है, तेलंगाना में कुल मिलाकर 76 ब्लैक स्पॉट आइडेन्टिफाई किये गए हैं।...(व्यवधान) हमारी सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि देश में रास्ते में ऐक्सिडेन्ट्स कम हों।...(व्यवधान) आज कुल मिलाकर देश में नेशनल हाइवे पर पाँच लाख ऐक्सिडेन्ट्स होते हैं और उनमें 1.46 लाख लोगों की लाइफ जाती है।...(व्यवधान) उनकी लाइफ न जाये, उनको बचाया जाये, उसके लिए हमने विस्तार से और गम्भीरता से काम करना शुरू किया है।...(व्यवधान) इसलिए जहाँ पहले ब्लैक स्पॉट आइडेन्टिफाई नहीं हुआ था, कहीं पर साल में दो-तीन-चार ऐक्सिडेन्ट्स हो जाते हैं, उनमें पाँच-दस लोगों की डेथ हो जाती है, हमने ऐसे स्थानों को भी ब्लैक स्पॉट के रूप में आइडेन्टिफाई किया है।...(व्यवधान) सिर्फ इतना ही नहीं, ऐक्सिडेन्ट होने के रीजन क्या-क्या हैं, उसके लिए रोड सेफ्टी ऑडिट ने जो सुझाव दिया, उसका भी इम्प्लिमेंटेशन करने की हमने कोशिश की है और हमने शुरूआत भी कर दी है।...(व्यवधान)

जहाँ अंडरब्रिज और ओवरब्रिज बनाने हैं, जहाँ डिवाइडर बनाने हैं, जो हिली क्षेत्र है, वैसे क्षेत्रों में बैरियर लगाना है, उनके साथ-साथ हम आइडैंटिफाई करना चाहते हैं कि किसी भी रास्ते पर जो वाइल्डलाफ एनिमल्स पास करते हैं, कोई ऐसे नेशनल हाईवे होते हैं, जहाँ लैंडस्लाइड होता है, वैसी स्थिति में हम इंडीकेट कर रहे हैं कि वैसी स्थिति में लोग पहले से ही सतर्क रहें। तेलंगाना में हाई ब्लैक स्पॉट्स पर 63 लोगों की जान गई है, जिनकी एक्सीडैंट्स में मृत्यु हुई है। आने वाले दिनों में हम वैसे ब्लैक स्पॉट्स को रैक्टिफाई करेंगे और करेक्ट करेंगे। हमारे मन में ऐसा है कि अगले दो सालों में देश में नेशनल हाईवे पर जो ब्लैक स्पॉट्स आइडैंटिफाई किए गए हैं, ऐसे ब्लैक स्पॉट्स को हम पूरे देश में तीन सालों में खत्म करना चाहते हैं। जिस हिसाब से हमारे मंत्रालय की गतिविधियों के हिसाब से हम काम करते हैं, वैसी स्थिति में हम दो सालों में कर लेंगे, लेकिन तीन सालों में करने के लिए हमने टार्गेट रखा है, इतने समय में पूरा करेंगे और लोगों की लाइफ न जाए और लोगों को नेशनल हाईवे पर एक्सीडैंट्स का सामना न करना पड़े, इसके लिए हर संभव कोशिश हमारी तरफ से रहेगी। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री ए.पी.जितेन्द्र रेड्डी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रेड्डी जी, आपका माईक ऑन नहीं हुआ?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रेड्डी जी, आप पीछे की सीट पर जाएँ तो माईक ऑन हो जाएगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** चर्चा होगी, आप अपनी-अपनी सीटों पर जाइए।

…(व्यवधान)

SHRI A.P. JITHENDER REDDY : Madam, I would like to ask the hon. Minister regarding the accidents, which are taking place at National Highway No. 44. There is a village, which is named as a 'widow village'. Almost all the men in that Tanda area have expired. There is no man alive there; only women are there. There was a big article, which has come out in *'The Hindu'*, which says: "It is only a widows' village"… (*Interruptions*)

Madam, after so many representations, no action has been taken till now. Similarly, there are black spots in some other areas, viz., Kothakota, Janampeta, Adakal and Jadcherla about which, we had also given a lot of representations. Many a people, when they are just crossing the roads, they are being killed. A lump of mutton piece is being put on the road. We had, many a time, asked the Ministry to take action and to give us underpass roads or bypass roads but no action has been taken till now… (*Interruptions*)

I would request the hon. Minister to please see that these works are taken up immediately.… (*Interruptions*)

**श्री मनसुख एल.मांडविया :** माननीय अध्यक्ष महोदया, एक्सीडेंट्स होने के तीन कारण होते हैं। पहला, जब केयरलैस होकर लोग व्हीकल चलाते हैं, वैसी स्थिति में एक्सीडेंट्स होने की संभावना होती है। दूसरा, जो पैदल यात्री सड़क पार करते हैं, वैसे लोग बिना देखे रोड क्रॉस करने की कोशिश करते हैं तो वैसी स्थिति में एक्सीडेंट हो जाता है, और तीसरी स्थिति, जब रास्ता ठीक न हो और रास्ते में कोई मोड़ आ जाता है जिसे आइडैंटिफाई नहीं किया गया होता और उस पर आइडैंटिटी मार्क नहीं लगाया गया होता कि वहाँ

रास्ते में दिक्कत है, वैसी स्थिति एक्सीडैंट हो सकता है। माननीय सदस्य ने बताया है कि तेलंगाना में जिस गाँव में एक्सीडैंट हो रहा है, हम चाहते हैं कि देश में ऐसी कोई भी घटना न हो, क्योंकि वे भी जानते हैं, इसलिए हम वह मेजर स्टैप लेने के लिए तैयार हुए हैं। क्योंकि जो युवा लोग हैं और व्हीकल चलाने वाले लोग हैं, घर-परिवार में कोई व्यक्ति कमाने वाले होते हैं और उसके आधार पर घर चलता है तो एक्सीडैंट में डैथ हो जाने से उसका परिवार बरबाद हो जाता है, वैसी स्थिति में बरबादी का भोग किसी को न बनना पड़े, इसलिए माननीय सदस्य ने जो बताया, वहाँ हम प्रयास करेंगे और कोई आवश्यकता होगी तो हम अवश्य वह कार्य पूर्ण करेंगे।

**(Q. 22)**

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल :** मैडम, वैसे तो माननीय मंत्री जी ने हमारे क्वैश्चन का अच्छे-से उत्तर दे दिया है, हम संतुष्ट भी हैं।...(व्यवधान) लेकिन, मैं अपनी कंस्टीट्युन्सी भावनगर के लिए एक प्रश्न उठाना चाहती हूं।...(व्यवधान)

मैडम, हमारा भावनगर एक कोस्टल एरिया है और वहां लिग्नाइट, बॉक्साइट, बेंटोनाइट का खनन हो रहा है।...(व्यवधान) जब किसी भी मिनरल का खनन होता है तो यह खनन बहुत गहरा होने की वज़ह से समुद्री पानी मीठे भू-जल के स्रोत को बिगाड़ देता है और समुद्री पानी ज़मीन के अंदर चला आता है।...(व्यवधान) इसकी वज़ह से हमारे क्षेत्र में कोस्टल एरिया की लैंड, जो पहले बहुत अच्छी थी, अब हजारों हेक्टेयर लैंड बिगड़ गयी है।...(व्यवधान) उसके भू-जल का लेयर पूरा बिगड़ गया है। जिसकी वज़ह से वह ज़मीन अब खेती लायक नहीं रह गयी और वहां का पानी भी पीने के लायक नहीं रह गया है।...(व्यवधान) हमारे इलाके से हजारों की संख्या में लोग माइग्रेट भी हो रहे हैं।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूं कि क्या माइनिंग कंपनियां या सरकार कोई ऐसा कदम उठाना चाहती है जिससे भू-जल का मीठा जल वैसा ही बना रहे और वह पीने के लायक और खेती के लायक बना रहे?

**श्री पीयूष गोयल :** माननीय सदस्या ने बहुत अच्छा प्रश्न उठाया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से पहले तो मैं बताऊं कि यह बहुत अच्छा प्रश्न है।...(व्यवधान) जो अवैध खनन का काम होता है, उसके लिए पहली बार देश में मोदी सरकार ने इतने कठोर कदम उठाए हैं।...(व्यवधान) एम.एम.डी.आर. एक्ट जब अमेंड हुआ तो जो इतने वर्षों से पुरानी सरकारों ने नहीं किया था, वह हमने किया है।...(व्यवधान) जैसे छः महीने के बदले पांच सालों के जेल का कानूनी प्रावधान, पचास हजार रुपए से पांच लाख रुपए के दंड के प्रावधान जैसे कई कदम हमने उठाए हैं। उससे अवैध खनन बंद होगी।...(व्यवधान) मैं समझता हूं कि अभी भी डी-मॉनेटाइजेशन के कदम के लिए पूरे सदन को माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी को सम्मान देना चाहिए, जिन्होंने अवैध माइनिंग से पाए हुए काले धन पर प्रहार किया है।...(व्यवधान) मैं समझता हूं कि सभी माननीय सदस्य भी इसे एग्री करेंगे कि अवैध माइनिंग में काले धन का इस्तेमाल होता है, उसमें भ्रष्टाचार होता है।...(व्यवधान) गरीब लोगों को यह दिख रहा है कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए पहली बार मोदी सरकार ने इतने ठोस कदम उठाए हैं।...(व्यवधान)

जहां तक भावनगर का विषय है, हमने सभी खनन मालिकों को, खनन कंपनियों को चौंकन्ना किया है कि वहां का पानी खराब न हो, पानी के ऊपर पर्यावरण के पूरे नियम लगाए जाएं।...(व्यवधान) ये सब माइन्स राज्य सरकार के अंतर्गत हैं।...(व्यवधान) मैं गुजरात राज्य सरकार से बातचीत करके भावनगर की समस्या के बारे में पूरे कदम उठाऊंगा।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर आप लोग डिस्कशन चाहते हैं तो, please go back to your seats. They are ready to discuss.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** चर्चा के लिए तैयार है सरकार। आप चर्चा नहीं चाहते हैं तो बात अलग है।

…(व्यवधान)

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल :** मैडम, हमारे गुजरात के पंचमहल जिले में शिवराजपुर का इलाका है और छोटा उदयपुर जिले में कवाड तहसील में कड़ीपानी इलाका है।...(व्यवधान) पंचमहल में मैंगनीज का और कड़ीपानी इलाके में फ्लोरसपार का बड़ी मात्रा में जत्था उपलब्ध है।...(व्यवधान) जब हम आज़ाद नहीं हुए थे, इसके पहले से इन खनिज़ों का वहां खनन होता था और हम उनका अच्छे-से उपयोग भी कर रहे थे, लेकिन आज़ादी के बाद किसी-न-किसी कारणवश वहां खनन नहीं हो रहा है और उनका उपयोग भी नहीं हो रहा है।...(व्यवधान)

मैडम, खनिज का इतना जत्था वहां ज़मीन के अंदर भरा पड़ा है कि अभी वह सौ सालों तक उपलब्ध रहेगा।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहती हूं कि हमारे गुजरात में ये जो क़ीमती खनिज हैं, उन्हें निकालने के लिए क्या आप कोई कदम उठा रहे हैं? ...(व्यवधान)

**श्री पीयूष गोयल :** महोदया, इस पंचमहल इलाके का एक्सप्लोरेशन हम करवाकर उसकी जो फाइंडिंग्स हैं, उसके हिसाब से पारदर्शी नीलामी से इन खननों को भी सौंपेंगे। ...(व्यवधान) जो पहले इतने वर्षों से चलता आया है, पुरानी सरकारों ने अपने-अपने सांसदों, मित्रों, बंधुओं, रिश्तेदारों को बिना पारदर्शिता के भ्रष्टाचारयुक्त, जिस प्रकार से खनन दिए थे, उसको इस सरकार ने रोका है। ...(व्यवधान) हमने सभी खनन पारदर्शिता और ईमानदार नीलामी से दिए हैं। आगे भी उस इलाके का पूरा एक्सप्लोरेशन करके इसको भी ईमानदार तरीके से, पारदर्शिता से, नीलामी से दिया जाएगा। ...(व्यवधान)

**प्रो.चिंतामणि मालवीय :** महोदया, अवैध उत्खनन आज देश में बड़ी समस्या बन गया है। नई मशीनों और तकनीकी के संसाधनों के कारण इसमें बहुत तेजी आई है। ...(व्यवधान) हमारी नदियां, हमारे पहाड़, हमारा पर्यावरण, इको-डायवर्सिटी सब इससे प्रभावित हो रहे हैं। देश में नक्सलवाद के बढ़ने में, अपराध बढ़ने में, काला धन बढ़ाने में इसका बहुत बड़ा हाथ है। ...(व्यवधान) अवैध उत्खनन नहीं रोका गया तो भ्रष्टाचार और काला धन को रोकने में सरकार को बहुत परेशानी आएगी। ...(व्यवधान)

मेरा माननीय महोदय से प्रश्न है कि क्या सरकार अवैध उत्खनन का पता लगाने के लिए भारतीय खान ब्यूरो के परामर्श से महत्वपूर्ण खनिज हेतु खान निगरानी प्रणाली विकसित और स्थापित कर रही है? ...(व्यवधान) यदि हां, तो इसकी मुख्य विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? ...(व्यवधान)

**श्री पीयूष गोयल :** महोदया, सरकार ने जो कड़े से कड़े कदम इस विषय में लिए हैं जिससे अवैध माइनिंग बंद हो, उसकी बारे में पूरी जानकारी प्रश्न के उत्तर में दी है। ...(व्यवधान) हम दो प्रकार से इसको रोकने में काम कर रहे हैं। एक तो राज्य सरकारों के साथ हम एक नई टेक्नालॉजी डेवलप कर रहे हैं, जिसको माइनिंग सर्विलेंस सिस्टम कहते हैं। ...(व्यवधान) इस माइनिंग सर्विलेंस सिस्टम से, इसमें सेटेलाइट से लेकर हम सभी माइन्स को मैप करेंगे। ...(व्यवधान) जहां-जहां इल्लीगल माइनिंग हो रही है, उसका डेटा हमें इससे मिलेगा। वह डेटा राज्य सरकारों को देकर इल्लीगल माइनिंग को रोक पाएंगे। ...(व्यवधान) साथ ही साथ जो भी इल्लीगल माइनिंग में पकड़ा जाता है, पहले उस पर उचित कार्रवाई नहीं होती थी। अब राज्य सरकारों ने कार्रवाई भी बढ़ाई है और अवैध माइनिंग पर रोक लगाने में हम सफल हुए हैं। ...(व्यवधान)

मैं समझता हूं कि सभी माननीय सदस्य समझें कि इल्लीगल माइनिंग से काला धन उत्पन्न होता है, उससे भ्रष्टाचार होता है और अगर वास्तव में सभी दल मिलकर इस लड़ाई को लड़ते हैं तो काला धन भी बंद हो सकता है, अवैध माइनिंग भी बंद हो सकती है और भ्रष्टाचार भी बंद हो सकता है। ...(व्यवधान) सदन को, सभी दलों को और सभी राज्य सरकारों को तय करना है कि वे काला धन रोकना चाहते हैं या काला धन के समर्थन में खड़े हैं। ...(व्यवधान)

**श्री शरद त्रिपाठी :** महोदया, मैं यहीं से बोलने की अनुमति चाहूंगा। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, हमारे माननीय मंत्री जी ने हमारे प्रधानमंत्री जी के दिशा-निर्देश में आज जो ये लोग शोर कर रहे हैं, उनके ऊपर अंकुश लगाने का काम किया, क्योंकि ये लोग भीं कहीं न कहीं अवैध खदानों में लिप्त थे। ...(व्यवधान)

मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देते हुए, चूंकि मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं, आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के एक खनन मंत्री के रूप में और वहां की जो सरकार आज काम कर रही है, उसी उत्तर प्रदेश की सरकार के लोगों के द्वारा ही वहां के खनन मंत्री पर आरोप लगाए गए, तो क्या माननीय मंत्री जी स्वसंज्ञान लेकर उस मंत्री के खिलाफ कोई सीबीआई जांच के लिए कार्रवाई करेंगे? ...(व्यवधान)

**श्री पीयूष गोयल :** महोदया, माननीय सदस्य जी ने बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। मैं आंकड़े देख रहा था, तो उससे ध्यान में आया कि उत्तर प्रदेश एक विचित्र परिस्थिति में है। ...(व्यवधान) जब कई राज्यों की परिस्थिति देखता हूं तो उत्तर प्रदेश में 6,777 केसेज मिले, जिसमें माइनर मिनरल में अवैध माइनिंग हो रही थी। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश की सरकार ने हमें लिखकर दिया कि 6,777 केस होने के बावजूद एक भी केस में कोई इल्लीगल मिनरल ओर नहीं निकाला गया है। ...(व्यवधान) यह बड़ी विचित्र परिस्थिति है। अगर 6,777 केस मिले और उनमें शून्य मिनरल माइन हुआ, यह हमें समझ में नहीं आ रहा है। साथ ही बताते हैं

कि मात्र 6 करोड़ रुपये की अवैध माइनिंग हुई है। यह मानना बहुत मुश्किल है कि 6,777 केस में सिर्फ 6 करोड़ रुपये का ही मिनरल ओर अवैध मिला। एफआईआर शून्य लॉज हुईं। यह भी बहुत हैरानी की बात है कि शून्य एफआईआर लॉज हुईं और कोर्ट केस भी शून्य फाइल हुए। मैं माननीय सदस्य की बात पर जरूर गौर करूंगा और राज्य सरकार से चर्चा करूंगा कि वह तुरंत इस प्रकार के भ्रष्टाचार, काले धन पर ठोस कदम उठाए और कार्यवाही करे।

**(Q. 23)**

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** अध्यक्ष महोदया, आम नागरिक को हवाई यात्रा की आसान सुविधा प्राप्त हो, इसके लिए...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या आप हवाई उड़ान के संबंध में प्रश्न पूछना चाहते हैं?

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** जी हां।...(व्यवधान) आम नागरिक को हवाई यात्रा की...(व्यवधान)

**श्री धर्मेन्द्र यादव :** अध्यक्षा जी, देश में मौतें हो रही हैं। किसान परेशान हैं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** धर्मेन्द्र जी, आप ये बातें चर्चा के समय बोलिए।

...(व्यवधान)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** सरकार ने एयरपोर्ट के निर्माण के लिए क्या-क्या तैयारी की है? ..(व्यवधान) पटना, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णिया, मोतिहारी और झारखंड...(व्यवधान) यह कहा गया था कि 2500 रुपये में उड़ान होगी।...(व्यवधान) हम इस बारे में सरकार से जवाब मांगते हैं।...(व्यवधान)

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU : Madam Speaker, the hon. Member is raising certain things which have nothing to do with the civil aviation sector. ... (*Interruptions*)

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव :** अध्यक्ष महोदया, 2500 रुपये में उड़ान होगी।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह मूल प्रश्न से संबंधित नहीं है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** भागीरथ प्रसाद जी, आप प्रश्न पूछिए।

...(व्यवधान)

**डॉ. भागीरथ प्रसाद :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं भारत सरकार का बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए एक उड़ान योजना बनाई है। मैं इस संदर्भ में कहना चाहूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में दतिया एक पर्यटक स्थान है और विकासशील क्षेत्र है जो बहुत तेजी से विकसित हो रहा है।...(व्यवधान) वहां भारतीय इतिहास का सम्राट अशोक का सबसे पुराना दस्तावेज उपलब्ध है।...(व्यवधान) वहां सोनागिरी है, रतनगढ़ की माता है, सूर्य मंदिर है, पीताम्बरा पीठ है, मेडिकल कॉलेज खुल गया है और वेटिनरी रिसर्च का नया संस्थान आ रहा है।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि इस उड़ान योजना के अंतर्गत दतिया में कब तक हवाई सेवाएं शुरू हो जाएंगी जबकि वहां हवाई पट्टी अच्छी हालत में तैयार है? ..(व्यवधान)

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: Madam Speaker, this whole regional connectivity issue was a commitment of the BJP Government in its election manifesto. … (*Interruptions*) So, it took us some time to make it a reality and come out with the scheme. The scheme envisages participation of the State Government and participation of the Government of India. … (*Interruptions*) Together we want to partner and take this forward.… (*Interruptions*) Regional connectivity is essential in a country like India where we have a resplendent heritage spread all over the country.… (*Interruptions*) We have about 70 airports which are active. The rest of it is not covered by the scheduled airlines. So, we have brought out the scheme. We have rolled out a subsidy. … (*Interruptions*) The idea is that it cannot be a subsidy for eternity. It is a subsidy for a minimum period of time.… (*Interruptions*) It takes about two years to develop a route.

Therefore, the subsidy will hold for a maximum period of three years.… (*Interruptions*) So, the question of prioritization is there. We work with the State Governments.…(*Interruptions*) We will work together and make this happen. I think, in the coming January and February months, the first regional connectivity flight will become a reality.… (*Interruptions*)

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा :** मैडम स्पीकर, मैं माननीय मंत्री जी देश के नागरिकों की हवाई यात्रा के लिए जो संकल्प लिया है ...(व्यवधान) उसके लिए बधाई देना चाहता हूं। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत मेरा एक सुझाव है, ...(व्यवधान) गुरू गोविन्द सिंह जी 350वां जन्म दिवस राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। ...(व्यवधान) गुरु गोविन्द सिंह जी पटना से चल कर श्री आनंदपुर साहिब आए, श्री आनंदपुर साहिब से नांदेड़ गए। ...(व्यवधान) क्या माननीय मंत्री जी यहां कनेक्टिविटी जोड़ सकते हैं, ...(व्यवधान) पटना से श्री आनंदपुर साहिब जहां गुरू गोविन्द सिंह जी के बड़े सुपुत्र श्री अजीत सिंह चमकौर में शहीद हुए थे के नाम पर एस.ए.एस नगर मोहाली एयरपोर्ट बना हुआ है। ...(व्यवधान) पटना से मोहाली और मोहाली से नांदेड़ साहब सर्किट बनेगा, ...(व्यवधान) यह गुरू गोविन्द सिंह जी को ट्रिब्यूबट होगी और देश के लोगों को इससे बहुत भला होगा।

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: Madam, on aviation side, we encourage all pilgrim circuits and tourism circuits, for which purpose we work closely with all the State Governments and also with the Tourism Department. … (*Interruptions*)

We have a very rich and resplendent heritage. We need to harness this, and we are working on it. … (*Interruptions*)

SHRI PREM DAS RAI : Thank you, Madam, I must again congratulate the NDA Government for coming up with this wonderful scheme of UDAN and the regional connectivity. … (*Interruptions*) My specific question is with regard to the Pakyong Airport in Gangtok which needs to be connected in this UDAN scheme. … (*Interruptions*) I would request the Minister, through you, to tell this House as to when this would be effected and when can the people of India go to the beautiful State of Sikkim, through UDAN.… (*Interruptions*)

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: The concerned Airport is getting ready.… (*Interruptions*) As soon as it is ready – we work with the State Government – together we will partner with them. … (*Interruptions*) We will subsidize this scheme for a limited period of time and open up the splendour of that State.… (*Interruptions*)

Madam, we have a lot of States with a lot of natural beauty. We have to develop tourism. … (*Interruptions*) There is a lot of disposable income available in the country and we need to harness it to generate employment at all levels, particularly at local levels.… (*Interruptions*) So, we are at it. We want to inform, through you, to the hon. Member that we are at it. … (*Interruptions*)

**श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी :** माननीय अध्यक्ष जी, देश में साईं बाबा सबसे बड़ा संस्थान है। आपने वहां एयरपोर्ट के लिए सारी व्यवस्था की है। अभी वहां पैसे की कोई कमी नहीं है। जिनके पास जितना काला धन है, साईं बाबा की तिजौरी में लाकर डाल दें ताकि वहां जल्दी से जल्दी एयरपोर्ट बन जाए। संस्थान पूरा पैसा देने को तैयार है।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वहां आप कब एयरपोर्ट बना रहे हैं?

...(व्यवधान)

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: Madam, the Shirdi Airport is in an advanced stage and the State Government is at it. … (*Interruptions*) This is one of the few airports where before the airport is ready, there is a demand among the airlines to have connectivity there.… (*Interruptions*) So, we hope that this will happen soon

and we will be able to connect Shirdi so that the pilgrims can reach there and pay their respects to the hon. sage. … (*Interruptions*)

**श्री गणेश सिंह :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि उड़ान योजना में कब तक देशी परिचालन शुरु करेंगे? द्वितीय विश्वयुद्ध के समय में मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना में एक हवाई पट्टी का निर्माण हुआ था और वहां परिचालन भी यदा-कदा होता है, लेकिन नियमित हवाई सेवाएं नहीं चल रही हैं। उड़ान योजना के तहत हवाई सेवाएं शुरु करने के लिए जो योजना बनाई जा रही है, मैं माननीय मंत्री से मांग करता हूं कि उसमें सतना को भी शामिल किया जाए। ...(व्यवधान)

SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU: Our country has more than 400 airstrips which are unconnected.… (*Interruptions*) That is why, we partner with the State Governments to make this happen.… (*Interruptions*) As I have mentioned before, we have a rich and resplendent heritage… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please go to your seats if you want discussion. You have to go there to have discussion.

… (*Interruptions*)

**(Q. 24)**

**डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मेरे प्रश्न का उत्तर बहुत विस्तार से दिया है। सरकार द्वारा यथा परिकल्पित 2022 तक जैसी माननीय प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षा है - सबका साथ, सबका विकास, सबको आवास, इस योजना में पैसा तो दिया गया है लेकिन प्रदेशों की गति कछुए की चाल से चल रही है, आवास बन नहीं पा रहे हैं। आपने डिटेल तो दी है कि इस प्रदेश को इतना पैसा दिया गया है, लेकिन पैसे का सही उपयोग हुआ या नहीं हुआ, स्थिति जस की तस है। जो पैसा दिया जाता है, उसका प्रदेशों में सही उपयोग हो, मैं माननीय मंत्री से पूछना चाहता हूं कि सरकार की इसके लिए क्या योजना है?

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर:** माननीय सदस्य प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानना चाहते हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से अनुरोध करना चाहता हूं कि पूर्व में जो योजना थी, उस योजना के अंतर्गत 408.93 लाख मकान स्वीकृत किए गए, जिसमें 373.93 लाख मकान पूर्ण हुए हैं और अपूर्ण 33 लाख मकान हैं जिनमें 17 लाख पूरे कर लिए गए हैं और 18 लाख अभी पूरे होने हैं। आप सबको पता है कि पूर्व आवास योजना में कई प्रकार की विसंगतियां थीं। इसमें व्यक्ति के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता नहीं थी, आकार कम था और जिस प्रकार की सुविधाएं सामान्य तौर पर आवास में होनी चाहिए, उसका भी अभाव था और आवास के लिए कोई टेक्नीकल सपोर्ट नहीं था, हितग्राही जैसा बनाना चाहता था, बना देता था। उस मकान को हम टिकाऊ मकान नहीं कह सकते हैं। जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास और सबको आवास की बात कही, 23 मार्च 2016 को मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का सृजन किया। इस योजना के अंतर्गत 2022 तक सभी लोगों को आवास मिल जाए, इसे सुनिश्चित करने का प्रयास किया।

महोदया, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष 2019 तक, इन तीन वर्षों में हम लोग एक करोड़ मकान देने वाले हैं।...(व्यवधान) इस योजना का शुभारम्भ 20 तारीख को आगरा में माननीय प्रधानमंत्री जी करने वाले हैं। ...(व्यवधान) इसके बाद यह योजना प्रारम्भ हो जाएगी। ...(व्यवधान) इस योजना में पहले जो मकान का आकार 20 मीटर था, उसे बढ़ाकर 25 मीटर किया गया है। ...(व्यवधान) पहले 70,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती थी, अब हम लोग 1,20,000 रुपये मैदानी क्षेत्र में दे रहे हैं और 1,30,000 रुपये पर्वतीय क्षेत्र एवं नॉर्थ-ईस्ट क्षेत्र के लिए दे रहे हैं।...(व्यवधान) इसके साथ ही, उस घर में शौचालय भी हो, इसके लिए उसे 12,000 रुपये स्वच्छता अभियान से दे रहे हैं और मनरेगा में जो 90 से 95 दिन की मजदूरी होती है, उसके हिसाब से 18,000 रुपये भी दे रहे हैं। ...(व्यवधान) कुल मिलाकर एक आवास के लिए 1,50,000 रुपये तक वित्तीय सहायता देने का प्रावधान हम लोगों ने किया

है।...(व्यवधान) 20 नवम्बर को प्रधानमंत्री जी इस योजना का शुभारम्भ कर देंगे।...(व्यवधान) इस योजना के अंतर्गत 13,000 करोड़ रुपये राज्यों को दिए जा चुके हैं, सारी मीटिंग्स हो गयी हैं, राज-मिस्त्रियों का प्रशिक्षण हो गया है, तकनीकी सपोर्ट हम दे रहे हैं।...(व्यवधान) इस हिसाब से जब यह योजना प्रारम्भ होगी तो हम इस वित्तीय वर्ष में 33 लाख मकान बनाएंगे और आने वाले दो वित्तीय वर्षों में 33 लाख 50 हजार मकान प्रति वर्ष बनाएंगे। ...(व्यवधान) इस तरह से वर्ष 2019 तक एक करोड़ मकान पूरे करने का सरकार का इरादा है, जिसको निश्चित रूप से हम पूरा कर लेंगे। ...(व्यवधान)

**डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज :** अध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी के उत्तर से एक प्रश्न निकलकर आता है।...(व्यवधान) मुझे जो डिटेल्ड जानकारी दी गयी है, उसमें वर्ष 2013-14, 2014-15 और 2015-16 की जानकारी दी गयी है।...(व्यवधान) आप अपने उत्तर में कहते हैं कि वर्ष 2017 से लेकर 2018-19 तक, तीन वर्षों में एक करोड़ मकान बनाने की परिकल्पना की गयी है। ...(व्यवधान) माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करें कि वर्ष 2016-17 की डिटेल्स आपने नहीं दी हैं, तो कम से कम उत्तर प्रदेश के बारे में बताएं कि वर्ष 2016-17 में इन मकानों को बनाने के लिए कितने पैसे रिलीज किए गए हैं? ...(व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर:** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य को जो जानकारी दी गयी है, उमसें पूर्व की भी जानकारी है। ...(व्यवधान)इस वर्ष यह योजना प्रारम्भ होने वाली है। इस योजना में लगभग तीन वर्षों में, वर्ष 2019 तक 12 लाख मकान उत्तर प्रदेश में बनाए जाएंगे। ...(व्यवधान)

**श्री मनोज तिवारी :** अध्यक्ष जी, प्रधानमंत्री आवास योजना निश्चित रूप से देश के लिए बड़ी आशा का एक केंद्र है।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, इसके दिशा-निर्देशों को परिवर्तित करने का सरकार का कोई विचार है? ...(व्यवधान) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या हैi यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं? ...(व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर:** माननीय अध्यक्ष महोदया, सदस्य ने ठीक ही कहा है। ...(व्यवधान) पूर्व में जो इंदिरा आवास योजना थी, उसमें दिशा-निर्देश अलग प्रकार के थे और उसकी तमाम विसंगतियों के कारण उचित परिणाम नहीं आ पाया। ...(व्यवधान) अब जो प्रधानमंत्री आवास योजना आरम्भ हो रही है, निश्चित रूप से उसके लिए नए दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे।...(व्यवधान) इन दिशा-निर्देशों में चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी गयी है।...(व्यवधान) ग्राम सभा के माध्यम से उनका चयन किया जाएगा। ...(व्यवधान) सामाजिक-आर्थिक जनगणना, जो वर्ष 2011 की है, उस सूची में से चयन की प्रक्रिया होगी। ...(व्यवधान) इसमें किसी प्रकार की भ्रष्टाचार की शिकायत न हो, किसी प्रकार के बिचौलिए न हों और पूरा पैसा हितग्राही को मिले, इसके लिए डीबीटी के माध्यम से सब के बैंक एकाउण्ट में पैसा पहुंचाया जाएगा।...(व्यवधान) इस योजना की गुणवत्ता ठीक हो, ठीक प्रकार से मकान बन पाएं, बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जो साइक्लोन आता रहता है,

बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है।...(व्यवधान) बाढ़ से ऐसे मकान बच सकें और साइक्लोन को भी वे झेल सकें, इस दृष्टि से, टेक्नीकल सपोर्ट लेकर, 18 राज्यों के अलग-अलग मॉडल्स बने हैं। ...(व्यवधान) उन पर आईआईटी और यूएनडीपी के माध्यम से, परीक्षण कराया गया है और मॉड्यूल को फाइनल किया गया है।...(व्यवधान) लोग उनमें से कोई भी मॉड्युल अख्तियार कर सकते हैं, उसको बना सकते हैं और इस योजना के माध्यम से हमारी कोशिश है कि किसी प्रकार की अमानत में ख्यानत न हो।...(व्यवधान) इस योजना में हम लोगों ने 'आवास ऐप' बनाया है।...(व्यवधान) वर्तमान में हितग्राही की जो स्थिति है, उसको भी उसमें अपलोड किया जायेगा।...(व्यवधान) जब मकान बनेगा तो प्रथम चरण, द्वितीय चरण और अंतिम चरण को भी लोड किया जायेगा।...(व्यवधान) इसमें किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार की गुंजाइश न हो, इसके लिए डिजिटल इंडिया का सपोर्ट दिया जा रहा है और टेक्निकल सपोर्ट भी दिया जा रहा है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या - 25, श्री प्रह्लाद सिंह पटेल।

**(Q. 25)**

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इससे वे लोग अच्छे हैं, जो शांति से लाइन में खड़े हैं।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या हो रहा है? आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल :** अध्यक्ष महोदया, मैं सबसे पहले सरकार को बधाई दूंगा।...(व्यवधान) माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प स्वच्छ भारत का है। ...(व्यवधान) लेकिन, जो उत्तर आया है और जो परिस्थिति देश के सामने है, उसे मैं मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं।...(व्यवधान) वर्ष 2002 से लेकर अब तक, पहले शौचालय बनाने के लिए 2000 रू. मिलता था, फिर 6000 रू. मिलता था। ...(व्यवधान) आज आपने उसे बढ़ा कर 12000 रू. से ज्यादा किया है। ...(व्यवधान) लेकिन, जो 2000 रू. में टायलेट्स बनने थे, वे पोर्टल पर तो दिखा रहे हैं कि शौचालय बन गये हैं, लेकिन वास्तव में वहां शौचालय नहीं हैं।...(व्यवधान) इसलिए मैं यह मानता हूं कि जो आंकड़े सरकार के पास आ रहे हैं, वह त्रुटिपूर्ण है।...(व्यवधान) इसलिए हम जो लक्ष्य वर्ष 2019 में प्राप्त करना चाहते हैं, अगर पोर्टल पर मेरे पास वर्ष 2002 से शौचालय बताया जा रहा है, लेकिन मेरे पास वह नहीं है।...(व्यवधान) वे उपयोग नहीं कर रहे हैं।...(व्यवधान) सत्यापन करने पर पाया जा रहा है कि वे वहां पर नहीं हैं। ...(व्यवधान) इस विसंगति को दूर करके वास्तविक लक्ष्य प्राप्त करने में सरकार की क्या योजना है? ...(व्यवधान) मैं यह जानना चाहता हूं।...(व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :** अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो चिंता व्यक्त की है, मैं उसमें वजन मानता हूं।...(व्यवधान) क्योंकि, जब कम सहायता दी जाती थी, उस समय भी शौचालय बने थे, लेकिन उन शौचालयों का पूरा उपयोग नहीं होना।...(व्यवधान)

दूसरा, संभव यह है कि कहीं उस प्रकार के शौचालय उस वित्तीय सहायता से उस गुणवत्ता के नहीं बने और उनका उपयोग नहीं हो पा रहा हो।...(व्यवधान) लेकिन, सदस्य इस बात से चिंतित हैं कि जब हम लोगों ने यह लक्ष्य तय किया है कि वर्ष 2019 तक सारे देश को ओ.डी.एफ. कर देंगे।...(व्यवधान) अगर पिछले वाले लक्ष्य के अंतर्गत जो जानकारी केन्द्र सरकार के पास है, अगर उस जानकारी में कोई अपूर्णता है, तो निश्चित रूप से लक्ष्य प्राप्ति संभव नहीं होगी।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सदस्य को आश्वस्त करना चाहता हूं कि राज्य सरकारों को हम लोगों ने बहुत बल दे कर,

इसकी जानकारी देने के लिए कहा है।...(व्यवधान) इसका स्पॉट वेरिफिकैशन हो सके, यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय सदस्य के संज्ञान में कोई क्षेत्र आये तो जरूर हमें उसके बारे में लिखें, हम उस क्षेत्र का भी निरीक्षण करायेंगे और अगर इस प्रकार की कोई अपूर्णता है तो उस अपूर्णता को दूर करेंगे।...(व्यवधान) अनेक स्थानों पर इस प्रकार की दिक्कतें आयी थीं। ...(व्यवधान) उन दिक्कतों को दूर करने के लिए हम लोगों ने 'मनरेगा' से राशि उपयोग करके, उसको पूरा किया जाये, यह सुनिश्चित किया है।...(व्यवधान)

